प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 20.06.2026 समय : 01:00 पी.एम.

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पश्चिम बंगाल से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी करेंगे। इसके तहत देश के नौ करोड 44 लाख किसानों के बैंक खातों में 18 हजार आठ सौ 80 करोड रुपए से अधिक की राशि सीधे ट्रांसफर की जायेगी। प्रदेश में विभिन्न जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इन कार्यक्रमों में किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा पाली के सुमेरपुर में होने वाले राज्य स्तरीय पीएम किसान उत्सव में शिरकत करेंगे।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर के जनपथ से 29 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन आधुनिक ई–बसों के संचालन से राजधानी में प्रदूषण घटेगा और शहरवासियों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने इसे विकसित भारत के संकल्प की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि आने वाले समय में प्रदेश के विभिन्न शहरों के लिए लगभग 1100 और इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे राज्य में स्वच्छ और सुगम परिवहन व्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी।

0000

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार आज जयपुर में प्रदेश के लगभग 700 बूथ लेवल अधिकारियों और सुपरवाइजरों के साथ सीधा संवाद कर रहे है। यह कार्यक्रम सीतापुरा स्थित जेईसीसी में आयोजित किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बीएलओ के जमीनी अनुभवों, चुनौतियों और सुझावों को गहराई से समझना है। इस दौरान मतदाता सूची अपडेशन और निर्वाचन जागरूकता में उनकी भूमिका पर चर्चा की जा रही है।

0000

12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कल प्रदेशभर में मनाया जायेगा। इसके लिए सुबह 6 बजे से राज्य के सभी जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तरों पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्यस्तरीय कार्यक्रम आबूराज में आयोजित किया जायेगा, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शिरकत करेंगे। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी अजमेर में और डॉ. प्रेमचन्द बैरवा भीलवाड़ा में योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके अलावा सभी कैबिनेट और राज्यमंत्री अपने–अपने प्रभार वाले जिलों में आमजन के साथ योगाभ्यास करेंगे। इस बीच प्रदेश में जगह जगह सामूहिक योगाभ्यास के आयोजन हो रहे है। इसी कडी में आज मुख्यमंत्री ने अपने जयपुर स्थित आवास पर योगाभ्यास कर प्रदेशवासियों को स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। इस दौरान महिला पुलिस और कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की कार्मिकों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है।

0000

जोधपुर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी के शोधकर्ताओं ने कैंसर उपचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। संस्थान के शोधकर्ताओं द्वारा नई पीढ़ी के ऐसे विशेष बायोमार्कर्स विकसित किए जा रहे हैं, जिनकी मदद से उपचार शुरू होने से पहले ही यह सटीक अनुमान लगाया जा सकेगा कि किसी मरीज पर कीमोथेरेपी का कितना असर होगा। अधिक ब्यौरा हमारे जोधपुर संवाददाता से।

0000

भारत और अफगानिस्तान के बीच तीसरा और अंतिम एकदिवसीय क्रिकेट मैच आज दोपहर चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच दोपहर डेढ बजे से शुरू होगा। मेजबान टीम 2–0 की बढ़त के साथ पहले ही श्रृंखला अपने नाम कर चुकी है। तेज गेंदबाज हर्षित राणा घुटने की चोट से उभरने के बाद अंतिम एकदिवसीय मैच के लिए टीम में हैं।

0000